जयपुर में 4 घंटे की मूसलाधार बारिश से सड़कों पर 5 फीट से ऊपर पानी भरा

भारी ट्रेफिक जाम के कारण सी-स्कीम स्थित अशोक मार्ग से एम.आई.रोड तक 5 मिनट का रास्ता पार करने में लोगों को 4 घंटे से ज्यादा का समय लगा

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । राजधानी जयपुर में बुधवार शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक हुई तेज मूसलाधार बारिश से सड़कों पर पांच फीट से ऊपर पानी भर गया। मुख्य मार्गों पर नदियों की तरह पानी बहता नजर आया। सीकर रोड पर ढेहर के बालाजी की तरह एम.आई.रोड, जयपुर परकोटा और अजमेर पुलिया पर जलभराव के कारण बाढ़ जैसे हालात बन गए। शहर में करीब छह इंच बरसात दर्ज की गई है। इस बीच जयपुर के प्राथमिक स्कूलों में स्वतंत्रता दिवस पर बच्चों को आवश्यक रुप से नहीं बुलाने के निर्देश जारी किये गये।

इसी बीच शहर का यातायात ऐसा ठप्प हुआ कि, सी-स्कीम स्थित अशोक मार्ग से एम.आई. रोड तक मात्र 5 मिनट की दूरी तय करने में लोगों को 4 घंटे से ज्यादा का समय लग गया। देर रात तक वाहन रैंगते-रैंगते अपने गंतव्य की ओर जाते रहे।

ट्रेफिक जाम की ऐसी ही भयावह स्थिति जयपुर परकोटे, अजमेरी गेट, त्रिमूर्ति सर्किल, राजापार्क, नारायण सिंह सर्किल, पांचबत्ती, स्टेच्यू सर्किल से जनपथ, 22 गोदाम, सोडाला, झोटवाड़ा और कालवाड़ रोड़ पर रही। जिला प्रशासन, जेडीए और नगर निगम की बाढ़ नियंत्रण राहत टीमें भी इसी ट्रेफिक जाम में फंसकर रह गई। बारिश के दौरान सड़कों पर पानी के तेज बहाव में कार, बाइक समेत अन्य वाहन तैरते दिखाई दिए। रेलवे स्टेशन पर पटरियां भी पानी में डूबी रही। शासन सचिवालय में भी घुटनों तक पानी भर गया।

बजाज नगर, मालवीय नगर, महेश नगर, बास बदनपुरा, मोती डूंगरी रोड समेत जयपुर के कई इलाकों में बरसात से सड़कें लबालब हो गईं। परकोटे में काले हनुमान जी मंदिर के बाहर बारिश के तेज बहाव के साथ स्कूटी बह गई और मंदिर में भी पानी भर गया। मंदिर प्रशासन ने पानी रोकने के लिए तीन लेयर के बैरिकेड्स लगाए, लेकिन पानी अंदर चला गया।

शहर के अलग-अलग इलाकों में तेज बारिश के चलते ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई। बनीपार्क स्थित चिंकारा कैंटीन से एम.आई.रोड की ओर आने वाले मुख्य सड़क पर देर रात 12 बजे तक यातायात जाम की स्थिति रही। परकोटे में तेज बारिश के कारण कई इलाकों में बिजली गुल हो गई। जलमहल के सामने लो-फ्लोर बस पानी में बंद हो गई। बाढ़ नियंत्रण कक्ष के मडंपप वी.वी.आई.पी. क्षेत्रों में ही काम करते रहे, जिन लोगों ने कंट्रोल रूम में शिकायतें दर्ज करवाने के लिए फोन किया, उनका या तो जवाब नहीं मिला या फिर संपर्क लाइनें व्यस्त रहीं।

मौसम विभाग के मुताबिक सांगानेर एयरपोर्ट पर 40 एम.एम. बारिश दर्ज हुई, जबकि शहर में कितनी बारिश दर्ज हुई, इस बारे में कलेक्ट्रेट कंट्रोल रूम की ओर से सुबह जानकारी देने की बात कही गयी। बुधवार को बीसलपुर में 14 सेंटीमीटर पानी की आवक हुई। बीसलपुर बांध का जलस्तर 312.56 से बढ़कर 312.70 आरएलमीटर दर्ज किया गया। बारिश के दौरान द्रव्यवती नदी भी उफान पर रही। महारानी फार्म स्थित पुलिया पर द्रव्यवती नदी का पानी ओवरफ्लो होकर मुख्य सड़क पर आ गया। यहां कई लोग जान जोखिम में डालकर आवाजाही करते दिखे, जिन्हें पुलिसकर्मियों ने रोका।

राजधानी जयपुर में बुधवार शाम हुई मूसलाधार बारिश से मुख्य मार्गों पर नदियों की तरह पानी बहता नजर आया। कई जगह जलभराव के कारण बाढ़ जैसे हालात बन गए। नारायण सिंह सर्किल पर भरे पानी का दृश्य कुछ ऐसी ही कहानी बयां कर रहा हैं।

- **एम.आई.रोड, सीकर रोड और जयपुर परकोटे के बाजारों के साथ-साथ निचले इलाकों में 4-5 फीट तक जलभराव होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हुआ**
- **जिला प्रशासन, जेडीए व नगर निगम करोड़ों रु. के बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित करके भी इमारतों में घुसे बारिश के पानी को समय पर बाहर निकालने में असमर्थ रहा**
- **शहर के तमाम बाढ़ नियंत्रण कक्षों के संपर्क नंबर व्यस्त रहे, मडपंप नहीं मिलने के कारण आमजन को परेशानियां झेलनी पड़ी**

भरतपुर, जयपुर, अजमेर व कोटा संभाग में भारी बारिश का अलर्ट

मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि उत्तर-पूर्वी राजस्थान के ऊपर परिसंचरण तंत्र अवस्थित है तथा सतह से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तृत है तथा मानसून ट्रफ लाइन बीकानेर से होकर गुजर रही है। इस तंत्र के प्रभाव से 14-15 अगस्त को भरतपुर, जयपुर, अजमेर व कोटा संभाग के कुछ भागों में भारी व कहीं अति भारी बारिश होने की प्रबल संभावना है। पूर्वी राजस्थान में 17 अगस्त के बाद बारिश की गतिविधियों में कमी आने की संभावना है। पश्चिमी राजस्थान के बीकानेर व जोधपुर संभाग में आगामी 3-4 दिन कुछ भागों में तेज मेघगर्जन, आकाशीय बिजली के साथ मध्यम से कहीं-कहीं भारी बारिश होने की प्रबल संभावना है। उदयपुर संभाग के कुछ भागों में आगामी दिनों में हल्के से मध्यम बारिश होने की संभावना है। मंगलवार को अलवर तथा करौली जिले में कहीं कहीं भारी वर्षा दर्ज की गई है। पूर्वी राजस्थान में सर्वाधिक बारिश मुंडावर (अलवर) में 92 मिमी व पश्चिमी राजस्थान के पोकरण जैसलमेर में 55 मिमी बारिश दर्ज की गई है। राज्य में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 38 डिग्री श्रीगंगागनर तथा सर्वाधिक न्यूनतम तापमान 28.6 डिग्री बाड़मरे में दर्ज किया गया।

पूर्व आईएएस भाटी के बेटे के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई पर रोक

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने भूमि विवाद के धोखाधड़ी के मामले में करधनी थाने में दर्ज एफआईआर में पूर्व आईएएस हनुमंत सिंह के बेटे रिद्देश्वर सिंह के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने आरोपी को कहा है कि वह अनुसंधान में हिस्सा ले और सहयोग करे। जस्टिस नरेन्द्र सिंह ने यह आदेश रिद्देश्वर सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

मामले में पूर्व आईएएस हनुमंत सिंह भाटी व उनके बेटे के खिलाफ नेमाराम ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें आरोप लगाया था कि आरोपियों ने उससे 25 अक्टूबर 2023 को 12 बीघा 7.5 बिस्वा जमीन के बेचान का एग्रीमेंट किया था, लेकिन इस जमीन में से उन्होंने केवल आधी जमीन की ही रजिस्ट्री करवाई है और बाकी जमीन की रजिस्ट्री उसे अन्य लोगों को बेचान करने के उद्देश्य से नहीं करवा रहे हैं। इसलिए उनके खिलाफ धोखाधडी सहित अन्य अपराध में कानूनी कार्रवाई की जाए।

जेडीए और हाउसिंग बोर्ड के पट्टों में स्वामित्व के सुरक्षा मानक क्यों नहीं?

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार, आवासन मंडल और पंजीयन विभाग से पूछा है कि जेडीए, नगर निगम और आवासन मंडल सहित अन्य सरकारी निकायों की ओर से जारी पट्टों व आवंटन पत्रों सहित अन्य स्वामित्व दस्तावेजों में सुरक्षा मानक क्यों नहीं है। जस्टिस पंकज भंडारी व प्रवीर भटनागर की खंडपीठ ने यह आदेश ऋचा पारीक की जनहित याचिका पर दिए।

याचिका में कहा गया कि जेडीए, नगर निगम, नगर परिषद व हाउसिंग बोर्ड सहित अन्य स्थानीय निकायों से जारी पट्टों व आवंटन पत्रों में सुरक्षा मानकों का ध्यान नहीं रखा जाता। जिससे स्थानीय निकायों से मिलीभगत कर पट्टों सहित अन्य स्वामित्व के दस्तावेजों के फर्जी व डबल दस्तावेज बना लिए जाते हैं। वहीं आमजन के पास इन दस्तावेजों की वैधता की सत्यता जांच करने के लिए कोई भी विधिक प्रक्रिया नहीं है और ना इन दस्तावेजों में ही सुरक्षा मानक हैं। ऐसे में इन दस्तावेजों में फर्जीवाड़ा और अनियमितताएं नहीं रोकी जा सकती। इसलिए इन दस्तावेजों में सुरक्षा के लिए कोई मानक बनाए जाए, ताकि आमजन इनसे होने वाले फर्जीवाडे से बच सके। याचिका में कहा गया कि आए दिन अपराधियों की ओर से फर्जी पट्टे बनाकर आमजन एवं वित्तीय संस्थानों को क्षित पहुंचाई जाती है। इसलिए राज्य सरकार को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए जाए कि वह पट्टे एवं स्वामित्व दस्तावेजों के जारी करने में सुरक्षा मानकों का ध्यान रखे और इसके लिए एक प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए। वहीं ऐसे दस्तावेजों को जारी करने से रोका जाए, जिनमें उनके मूल स्वरूप को आसानी से बदला जा सके। राज्य सरकार ऐसी मशीनरी विकसित करे कि इन दस्तावेजों में किसी भी तरह से फजीवाडा नहीं किया जा सके। जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा है।

राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

जयपुर, (का.सं.)। राज्यसभा विद्ववार्षिक उप निर्वाचन-2024 के लिए बुधवार को अधिसूचना जारी होने के साथ ही नांमाकन पत्र भरने की प्रक्रिया आरंभ हो गयी है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 21 अगस्त तक नामांकन पत्र भरे जा सकेंगे। भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव प्रक्रिया के लिए राजस्थान विधानसभा के प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा को रिटर्निंग ऑफिसर एवं संजीव कुमार शर्मा को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया है।

रिटर्निंग ऑफिसर महावीर प्रसाद शर्मा ने बताया कि नामांकन पत्र प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक विधानसभा में जमा किए जा सकते हैं। विधानसभा के कमरा नं. 113 से अभ्यर्थी नामांकन पत्र प्राप्त कर सकते हैं एवं इन्हें कमरा नं.106 में जमा कराया जा सकेगा। रिटर्निंग ऑफिसर और उनकी अनुपस्थिति में सहायक रिटर्निंग ऑफिसर संजीव कुमार शर्मा नामांकन पत्र स्वीकार करेंगे।

स्काउट गाइड का 31वां वार्षिक अधिवेशन आयोजित

पावटा। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला कोटपुतली बहरोड का 31वां वार्षिक अधिवेशन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भाबरु मे आयोजित हुआ। कार्यऋम की अध्यक्षता संघ प्रधान रवि मीणा ने की। मुय अतिथि विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड थे।

पूर्व संयुक्त निदेशक बीडी गुर्जर, बद्रीनारायण दायमा, बिहारीलाल शर्मा, सीबीईओ शंकर लाल मीणा ने बतौर विशिष्ट अतिथि अपने विचार व्यक्त किये। शिविर प्रभारी फूलचंद, लीडर ट्रेनर अभय सिंह, काउंसलर नत्थूराम, विऋम सिंह ने आगंतुक अतिथियो का स्वागत किया व आयोजित अधिवेशन की कार्यवाही की जानकारी दी। वही सहायक सचिव हीरालाल मीणा ने गत वर्ष का प्रतिवेदन व सचिव फूलचंद मीणा ने आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस दौरान विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड को मुयालय पर हाल निर्माण का ज्ञापन दिया गया। विधायक कुलदीप धनकड ने कहाँ कि स्काउट गाइड देश का सबसे बडा संगठन है। ज्यों बच्चो के चरित्र निर्माण और उनके सर्वांगीण विकास का काम करता है। स्काउट गाइड समाज सेवा मे सर्व श्रेष्ठ है।

वही उन्होंने स्काउट व गाइड की प्रसंसा करते हुए समाजिक कार्यो में बढ चढकर हिस्सा लेकर उल्लेखनीय कार्य करने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। इस मौके पर सरपंच शशिकांत शर्मा, प्रधानाचार्य संतोष मीणा, साकेत पारिक, धर्मवीर जिंदोलिया, मूलचंद मीणा, पृथ्वी यादव, देवकरण कसाना, रामगोपाल सैनी, अनिल शर्मा, इंद्राज गुर्जर, श्रीराम यादव, विनोद कुमार, भैरू सहाय सहित लोग मौजूद रहे।

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुए अत्याचार व लूटपाट के विरोध में जयपुर में सर्व समाज ने आक्रोश रैली निकाल कर विरोध प्रकट किया।

राज्यपाल से लेफ्टिनेंट जनरल ने की शिष्टाचार भेंट

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से राजभवन में बुधवार को दक्षिण-पश्चिम कमांड के लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने मुलाकात की। राज्यपाल बागडे से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने ओलंपिक खिलाड़ियों से मुलाकात कर बधाई दीं

जयपुर। राजस्थान सरकार में युवा मामले और खेल मंत्री व एथेंस ओलंपिक गेम्स 2024 में रजत पदक विजेता कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने पेरिस ओलंपिक खेलों में प्रतिभाग कर राजस्थान आये प्रतिभावान निशानेबाज अनंतजीत सिंह नरुका और महेश्वरी चौहान से शिष्टाचार मुलाकात कर उनके बेहतरीन खेल प्रदर्शन की सराहना की और उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि अगले ओलंपिक खेलों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पदक जीतने हेतु हम सभी मिलकर अभी से तैयारी शुरू करेंगे। राजस्थान सरकार उच्च स्तरीय खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही खिलाड़ियों की हर संभव मदद कर सदैव आप सभी के उज्ज्वल भविष्य के प्रति संकल्पित है।

कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रखर नेतृत्व में खेलकूद के जरिए प्रतिभाओं को निखारने का नया युग शुरू हो गया है। राजस्थान में खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए संकल्पबद्ध सरकार लगातार विकास राह पर आगे बढ़ती रहेगी। मोदी सरकार देश की युवा प्रतिभाओं को खेलों की ओर प्रोत्साहित कर रही है। इससे ओलंपिक में महिला खिलाड़ियों की भी भागीदारी बढ़ी है।

कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत में 2036 में ओलंपिक गेम्स आयोजित करने के लिए कृतसंकल्पित है। ये सदियों पुराना सपना 140 करोड़ भारतीयों ने देखा है, ये सपना निश्चित रूप से साकार होगा। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि खेलों से इच्छाशक्ति तो मजबूत होती ही है, बल्कि एकाग्रता भी बढ़ती है। खेल कोई भी हो उससे व्यक्तित्व का विकास तो होता ही है, साथ ही राष्ट्र निर्माण में बड़ी भूमिका निभाई जा सकती है।

स्वाधीनता दिवस पर शुभकामनाएं दीं

जयपुर, (का.सं.)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्वाधीनता दिवस की शुभकामनाएं और बधाई दी हैं।

राज्यपाल बागडे ने अपने संदेश में कहा है कि सभी भाईचारा और सदभावना बनाये रखते हुए राष्ट्र और राज्य की उन्नित के लिए मिलकर प्रयास करें।

शर्मा ने कहा कि आजादी का यह पर्व हमें न केवल स्वतंत्रता सेनानियों के शौर्य व बलिदान की याद दिलाता है बल्कि यह हमें राष्ट्र के प्रति हमारे कर्तव्यबोध का भी अहसास कराता है।

नम्बर मिलाइए
9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

नाम परिवर्तन
I have changed my name from Manish Kumar Verma to Manish Kumar S/o Rajkumar for all purpose. Resi.: 95-A, Shiv Vihar A, Manyavas, Mansarovar, Jaipur

खोया पाया
मेरे मकान 3MA-258 इन्दिरा गांधी नगर का मूल Allotment Letter मालवीय नगर से कहीं गिर गया। मिलने पर सूचित करें। हरीश कुमार, मो.9829060086

मेरे मकान नम्बर-77/133 MIG-A सैक्टर-7, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर का मूल अलाटमेंट लेटर नम्बर 2366 Date 26.06.2021 कहीं खो गया मिलने पर सूचित करें। मीनाक्षी-8851567593

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय, जे0एल0एन0 मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर - 0141-4901863
आम जाहिर सूचना
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या-2/646, जवाहर नगर, जयपुर, क्षेत्रफल 60.75 वर्ग मीटर का आवंटन श्रीमति सीता देवी पत्नी स्व. श्री देशराज को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमाक 2252 दिंनाक 20/07/1986 जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रो का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर, पंचम मे दिनांक 30/07/1993 को कराया गया।
श्रीमति सीता देवा की मृत्यु दिनांक 02/02/2003 को हो जाने के कारण श्री हेमांक जैन पुत्र श्री विरेन्द्र जैन के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, पंजीबद्ध वसीयतनामा की छाया प्रति एंव मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास का प्रतिस्थापन अपने नाम करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय मे व्यक्तिगत रूप मे उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत का देंवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री हेमांक जैन पुत्र श्री विरेन्द्र जैन के पक्ष मे उक्त आवास/फ्लैट के प्रतिस्थापनकी कार्यवाही कर दी जावेगी
सम्पदा प्रबंधक
वृत तृतीय, रा0आ0मण्डल
जयपुर

उत्तर पश्चिम रेलवे
खुली निविदा सूचना (ई-निविदा द्वारा)
भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मुख्य कारखाना प्रबंधक, कैरिज कारखाना, उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम व स्थान: Outsourcing work of Fabrication, Supply, and installation, commissioning and providing out of computerized DV endurance Test bench (2 Months). कार्य की अनुमानित लागत: रु. 990610.00** (रु. नौ लाख नब्बे हजार छः सौ दस मात्र)। **बयाना राशि जो जमा करानी है: रु. 19800.00** (रुपये उन्नीस हजार आठ सौ मात्र)। **ई-निविदा जमा करने की अन्तिम दिनांक व समय तथा ई-निविदा खोलने की दिनांक व समय:** 03.09.2024 को 15:00 बजे तक तथा 03.09.2024 को 15:00 बजे के बाद। **वेबसाइट विवरण जहां से ई-निविदा सम्बन्धित पूर्ण विवरण प्राप्त किया जा सकता है: www.ireps.gov.in** डब्लू.डब्लू.डब्लू. आईआरईपीएस.जीओवी.आईएन **कार्यालय का पता जहां से निविदा जारी की गयी:** मुख्य कारखाना प्रबंधक कार्यालय, कैरिज कारखाना, उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर-342001 राजस्थान। 949-PM/24
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे
खुली ई-निविदा सूचना
व.मं.बि.इंजी.(टीआरडी), उ.प.रे., जयपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। कोई भी मैन्युअल टेण्डर स्वीकार नहीं किया जायेगा और अगर कोई मैन्युअल टेण्डर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा । **क्र सं.:** 1, **एनआईटी संख्या:** ईएल- टीआरडी-जेपी-2024-25-06, **कार्य का नाम:** कॉम्प्रेहेंसिव एनुअल मेन्टेनेन्स कॉन्ट्रेक्ट (सीएएमसी) फॉर कम्प्यूटर बेस्ड स्काडा इक्विपमेंटस् ऑफ मैसर्स सिनर्जी सिस्टम एण्ड सॉल्यूशनस् मेक ऑफ अलवर - जयपुर-मदार एंड सवाईमाधोपुर-जयपुर - रीगंस सेक्शन ऑफ जयपुर डिविजन फॉर पीरियड ऑफ 24 मन्थस्, **अनुमानित लागत (रु):** 70,74,572.16, **बिड सिक्युरिटि राशि (रु):** 1,41,500.00, **निविदा खोलने की तिथि:** 09.09.2024. **नोट: ई-निविदा की अंतिम तिथि एवं समय:** निविदा खोलने की तिथि को 15:00बजे तक, **ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** निविदा खोलने की तिथि को 15:00बजे बाद, **सम्पूर्ण जानकारी के लिये वेबसाइट का पता:** http://www.ireps.gov.in 952-PS/24
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांक: जविप्रा/उपा/जोन-5/2024/डी-852 **आम सूचना** दिनांक: 23.05.2024
मोती भवन निर्माण सहकारी समिति लि. की योजना सुरेन्द्रपाल कॉलोनी के भूखण्ड संख्या: 26 का इस कार्यालय द्वारा दिनांक 02.08.2001 को श्रीमती शकुन्तला शर्मा पत्नी श्री के.सी. शर्मा के पक्ष में क्षेत्रफल 398.67 वर्गगज का पट्टा विलेख जारी किया गया है। आवेदक श्री परितोष शर्मा पुत्र श्री कैलाश चन्द शर्मा द्वारा उक्त भूखण्ड का नाम हस्तांतरण एवं लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा जारी करने बाबत आवेदन पत्र के साथ श्रीमती शकुन्तला शर्मा का मृत्यु प्रमाण पत्र, सफरा शपथ पत्र एवं रजिस्टर्ड हक त्याग प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त संबंध में आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र व दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड का नाम हस्तांतरण एवं लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा जारी करने की कार्यवाही करने के संबंध में किसी भी व्यक्ति, हितधारी, संस्था को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को इस सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिवस में प्रस्तुत कर देवें। नियत अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर आवेदक के पक्ष में नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी। हस्ताक्षरः उपायुक्त, जोन-5

कार्यालय उपायुक्त मालवीय नगर जोन, नगर निगम ग्रेटर जयपुर (नई विधानसभा के पास, लालकोठी, जयपुर)
क्रमांकः-एफ0)/न.नि.ज.ग्रेटर/मा.न.जोन/2024/1275
सार्वजनिक सूचना दिनांकः-2-8-2024
भूल भूखण्ड संख्या जे-10 हिम्मत नगर बजाज नगर गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड) जयपुर का जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा श्री महेश चन्द पालीवाल पुत्रान श्री अम्बा शंकर पालीवाल के पक्ष में क्षेत्रफल 431.66 वर्गगज का पट्टा जारी किया गया। आवेदक द्वारा पट्टा मय साईट प्लान की प्रमाणित फोटोप्रति मूल आवंटी द्वारा की गयी अपंजीकृत वसीयत की फोटो प्रति, अवेदकों के मध्य पंजीकृत बंटवारानामा। एवं अन्य दस्तावेजों की छायाप्रति प्रस्तुत कर भूखण्ड का उपविभाजन श्री थानेश पालीवाल पुत्र श्री महेश चन्द पालीवाल के पक्ष में उक्त भूखण्ड का दक्षिणी हिस्सा क्षेत्रफल 215.83 वर्ग गज तथा श्री अशोक पालीवाल पुत्र श्री महेश चन्द पालीवाल के पक्ष में भूखण्ड का उत्तरी हिस्सा 215.83 वर्ग का उपविभाजन किया जाना है। इस उपविभाजन बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय (उपयुक्त मालवीय नगर जोन कार्यालय जयपुर) में प्रस्तुत करे, अन्यथा निर्धारित समयावधि की समाप्ति के बाद, नियमानुसार उपविभाजन की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी।
उपायुक्त, मालवीय नगर जोन, नगर निगम ग्रेटर जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
क्रमांक: जविप्रा/उपा/जोन-5/2024/डी-906 दिनांक 03.06.2024
प्रस्तावित भू-उपयोग परिवर्तन आम सूचना
राजस्थान नगरीय क्षेत्र भू-उपयोग परिवर्तन नियम-2010 व राजस्थान नगरीय क्षेत्र भू-उपयोग परिवर्तन (संशोधन) नियम-2021 के प्रावधानों के अन्तर्गत निम्न भूखण्ड के आवेदक द्वारा अपनी सम्पत्ति का भू-उपयोग परिवर्तन करवाये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिनका विस्तृत विवरण जयपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाईट www.jda.rajasthan.gov.in एवं जोन कार्यालय में देखा जा सकता है। इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति, संस्था आदि को कोई आपत्ति/सुझाव यदि हो तो 15 दिवस में मय दस्तावेज सम्बन्धित उपायुक्त जोन कार्यालय अथवा सचिव, जविप्रा को प्रस्तुत करें।

क्र. सं.	जोन	आवेदक का नाम	भूखण्ड/आवंटी का नाम	भूखण्ड संख्या	भूटा विलेख में वर्णित भू-उपयोग	योजना का नाम (गृ.नि. म.स./रिजी फ्रांटोरी योजना)	भूखण्ड क्षेत्रफल	मास्टर प्लान-2025/ योजना विकास योजना अनुसार भू-उपयोग	उपयोग विसंगत हेतु आवेदन किया गया
1.	05	श्रु. अनिता विक्रमादित्य पुत्री श्री अशोक कुमार शर्मा	श्रु. अनिता विक्रमादित्य पुत्री श्री अशोक कुमार शर्मा	123	आवासीय	भारत भवन निर्माण सहकारी समिति की योजना मोहर नगर	400.00 वर्ग गज	आवासीय	व्यावसायिक उपयोग हेतु

उपायुक्त जोन-5

कार्यालय उपायुक्त मालवीय नगर जोन, नगर निगम ग्रेटर जयपुर (नई विधानसभा के पास, लालकोठी, जयपुर)
क्रमांक एफ ( )/न.नि.ज. ग्रेटर/ मा. न. जोन/ 2024/1392 दिनांक 13.8.2024
सार्वजनिक सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मूल भूखण्ड सं. 337, बरकत नगर, टोंक फाटक, जयपुर, न्यु पिंक सिटी गृह निर्माण सहकारी समिति का जयपुर विकास प्राधिकरण के द्वारा श्री अमर चन्द सरन पुत्र श्री रामेश्वर लाल को क्षेत्रफल 200 वर्गगज भूमि का पट्टा विलेख दिनांक 03.06.2000 को जारी किया गया था। मूल आवंटी श्री अमर चन्द सरन पुत्र श्री रामेश्वर सरन का स्वर्गवास दिनांक 05.01.2021 को हो चुका है। मृत पोद्दारी श्री अमर चन्द सरन पुत्र श्री रामेश्वर सरन के अवय वारीसान श्रीमती अशा सरन पत्नी श्री अमर चन्द सरन, श्री प्रवीण सरन पुत्र श्री अमर चन्द सरन के द्वारा भूखण्ड सं. 337, बरकत नगर, टोंक फाटक, जयपुर, न्यु पिंक सिटी गृह निर्माण सहकारी समिति का रजिस्टर्ड हक त्याग दिनांक 13.02.2024 के द्वारा अपने पुत्र/ बाल श्री राजेश कुमार सरन पुत्र श्री अमर चन्द सरन के पक्ष/ हक में निष्पादित किया गया। श्री राजेश कुमार सरन पुत्र श्री अमर चन्द सरन के द्वारा अपवेन के सत शपथ पत्र (अण्डरटेकिंग), रजिस्टर्ड पट्टा, मूल आवंटी का मृत्यु प्रमाण-पत्र एवं रजिस्टर्ड हक त्याग पत्र एवं अन्य दस्तावेजो की छायाप्रति प्रस्तुत कर भूखण्ड सं. 337, बरकत नगर, टोंक फाटक जयपुर, न्यु पिंक सिटी गृह निर्माण सहकारी समिति नाम हस्तान्तरण चाहा गया है। नगर निगम ग्रेटर जयपुर के द्वारा आवेदक श्री राजेश कुमार सरन पुत्र श्री अमर चन्द सरन के द्वारा प्रस्तुत किये गये दस्तावेजो के आधार पर मूल भूखण्ड सं. 337, बरकत नगर, टोंक फाटक, जयपुर, न्यु पिंक सिटी गृह निर्माण सहकारी समिति का नाम हस्तान्तरण श्री राजेश कुमार सरन पुत्र श्री अमर चन्द सरन के पक्ष में किया जाव है। इस नाम हस्तान्तरण बाबत किसी भी व्यक्ति संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई अपत्ति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय (उपयुक्त, मालवीय नगर जोन नगर निगम ग्रेटर) में प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित समयावधि की समाप्ति के बाद, नियमानुसार नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।
उपायुक्त, मालवीय नगर जोन, नगर निगम ग्रेटर जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर
कार्यालय विश्वविद्यालय अभियन्ता
निविदा सूचना संख्या 08/2024-25
राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर में विभिन्न कार्यो के लिये राजकीय/अर्द्ध-राजकीय विभागों के सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से विभिन्न कार्यो की कुल संख्या 09 हेतु कुल राशि रुपये 34.29 लाख की सील बन्द निविदाऐ आमंत्रित की जाती है । कार्य की अनुमानित लागत, निविदा देने एवं प्राप्त करने की दिनांक, समय एवं शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण की जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.uniraj.ac.in एवं http://sppp.raj.nic.in पर उपलब्ध है, जिनका यूबीएन नम्बर URA2025WSOB00055 to 63 NIB: URA2425A0024 है ।
(यादवेद्र सिंह)
विश्वविद्यालय अभियन्ता

नगर निगम ग्रेटर जयपुर
पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, जयपुर
क्रमांक :- जसअ/2024-25/97 दिनांक: 13.08.2024
ई-निविदा सूचना क्रमांक :- 33/2024-25
नगर निगम ग्रेटर के विभिन्न कार्यो हेतु बैकहो एक्सकेवेटर लोडर मशीन आपूर्ति कार्य हेतु पंजीकृत फर्म्स से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र, विस्तृत सूचना एवं षर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट www.jaipurmc.org, www.sppp.raj.nic.in and www.eproc.rajasthan.gov.in पर स्टेट पब्लिक प्रोक्यूरमेन्ट के UBN No. JMC2425GLOB00444 पर देखी जा सकती है।
उपायुक्त (गैराज)
नगर निगम ग्रेटर जयपुर
राज.संवाद/सी/24/3784

स्वायत्त शासन विभाग
कार्यालय नगर पालिका, सीकरी, जिला-डीग (राज0)
Email – eonpsikri.lsg@rajasthan.gov.in Email - sikriulb.jaipur@gmail.com
पता :- मैन मार्केट पंचायत चौक, सीकरी (डीग) राज०
क्रमांकः- न.पा.सीकरी/स्टोर/2024/937 दिनांक :- 12.08.2024
निविदा सूचना - 08/2024-25
नगर पालिका सीकरी की ओर से वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु मान्यता प्राप्त उचित श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निविदा द्वारा कुल 06 कार